

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 365 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 15 अक्टूबर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


## पुलिस पर पथराव करने के आरोप में 50 लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज।

थाना कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के अंतर्गत गांव बिजुआ नगला में बृहस्पतिवार की रात्रि में पुलिस को सूचना मिली की रुपयों के लेन-देन को लेकर सुधीर पुत्र भूरे नट एवं ममता पत्नी कल्लू नट सहित दो पक्षों में मारपीट हो रही है। तभी हल्का पुलिस गांव में मौके पर पहुंच गई तथा झगड़ा शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस का आरोप है की एक पक्ष के लोग तथा दूसरे पक्ष से पूर्व प्रधान ललितेश के लोग भी एक दूसरे पर पथराव करने लगे तथा उक्त दोनों पक्षों के लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया जिसकी सूचना पर थाने से अन्य फोर्स भी बुला लिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से 20 नामजद एवं 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307, 353, 427, 336, आईपीसी एवं सी एल ए एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शुक्रवार को तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। भाई गुन्नौर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया ने बताया कि गांव भिजवा नगला में झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस पर दो पक्षों के ग्रामीणों ने पथराव कर दिया जिसकी सूचना पर मैं स्वयं गांव पहुंचा जहां पर कुछ लोगों ने शराब का सेवन कर रखा था उन लोगों ने नशे की हालत में पुलिस के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज एवं अभद्रता भी की जिस संबंध में दोनों पक्षों से 20 नामजद एवं 20 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। घटना के संबंध में 3 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

## मकान और खेत पानी में हो रहे विलीन, सरकार से कोई राहत नहीं : रामगोविंद

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : जब देश की सभी नदियां अपने मूल स्वरूप में आ गई हैं उस समय घाघरा नदी में अचानक आई बाढ़ से जनपद के मनियर नगर पंचायत से लेकर ग्रामसभा भोजछपरा तक घागरा के किनारे बसे गांव में हाहाकार मचा हुआ है और शासन सत्ता के तरफ से उस गांव में निवास कर रहे नागरिकों की सुविधा हेतु कोई भी साधन मुहैया नहीं कराया जा रहा है। मनियर से लेकर भोज छपरा तक आई इस बाढ़ एवं कटान से तटीय इलाकों के किसान जिन की फसलें बर्बाद हो रही हैं तथा खेत कट कर नदी में विलीन हो रहे हैं साथ ही मकान भी पानी में विलीन हो रही है शासन के तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं जिन्हें निराशा हाथ लगी है उक्त बातें उत्तर प्रदेश विधानसभा में पूर्व मे नेता प्रतिपक्ष रहे राम गोविंद चौधरी ने बयान जारी कर कहीं। शुक्रवार को जारी अपने बयान में श्री चौधरी ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों की बिजली काट दी गई है ऐसे में वहां के निवासियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिला प्रशासन को तत्काल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मिट्टी का तेल मोमबत्ती एवं अन्य राहत सामग्री वितरित करना चाहिए। जगह जगह जनरेटर भी लगाना चाहिए।अगर प्रशासन तत्काल वहां के निवासियों के बेहतरी के लिए ठोस कदम नहीं उठाया तो समाजवादी पार्टी इस समस्या के समाधान हेतु सड़क उतरेगी। रामगोविंद चौधरी ने कहा की जिला प्रशासन तत्काल उन गांव में नाव की व्यवस्था करें एवं तिरपाल



तथा भोजन सामग्री का वितरण करें इस बार में सबसे अधिक परेशान मवेशियों के लिए भी शासन को तत्काल चारा उपलब्ध कराना चाहिए श्री चौधरी ने समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं एवं नेताओं से भी अपील किया की सभी कार्यकर्ता और नेता बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में अपने अस्तर से भी लोगों की मदद करने हेतु आगे आएं और इस संकट की घड़ी में अपने लोगों के साथ खड़े हो क्योंकि बाढ़ की समस्या समाधान हेतु मेरे तरफ से पूर्व में सरकार के विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री जी को कई पत्र लिखा जा चुका जिसपर कोई सुनवाई नहीं हो रही ऐसे में जनता एवं पार्टी से जुड़े लोगो को ही आगे आना होगा।









राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

"आज समाज जागरण" के एक वर्ष पूरे होने पर संपादकीय मंडल,देश के तमाम राज्यों,जिलों,उपमंडल, ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े सभी पत्रकार भाइयों को दिल की गहराइयों से हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई🙏🙏👏🎊👏🎊🎂 सभी भाइयों का सहयोग समाचार-पत्र के लिए बहुत मायने रखता है।

Thank You Universe, Thank You Divine🙏

संपादक जी के अथक प्रयासो व उनके द्वारा की गई मेहनत की मैं मंगल कामनाएं करता हूं।साथ ही सभी पत्रकार साथियों को मेरा पुनः शुभकामनाओं सहित,

आपका भाई🙏

सुरेश कोहली,पत्रकार/लेखक

पटौदी,जिला -गुरुग्राम(हरियाणा)

**दैनिक समाज जागरण इस ध्वजा पताका की तरह हमेशा ऊंचाइयों को छुए और बच्चे बच्चे की जबान पर दैनिक समाज जागरण का नाम हो इसी अभिलाषा के साथ हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई**

***विकास शर्मा पत्रकार नगीना बिजनौर***

# बड़ा तोहफा! दिवाली के बाद दौड़ेगी 5वीं वंदे भारत एक्सप्रेस, पीएम मोदी इस दिन दिखाएंगे हरी झंडी

## जल्द ही देश में पांचवीं वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन किया जाएगा. पीएम मोदी नवंबर महीने में इसको हरी झंडी दिखाएंगे.




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिवाली के बाद देश के करोड़ों लोगों को बड़ी सौगात देने जा रही है. जल्द ही देश में पांचवीं वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन किया जाएगा. पीएम मोदी नवंबर महीने में इसको हरी झंडी दिखाएंगे. बता दें रेलवे विभाग ने उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों के बाद अब दक्षिणी क्षेत्र में वंदे भारत चलाने का फैसला लिया है.

**किस रूट पर चलेगी ये ट्रेन**

देश की पांचवी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन चेन्नई-बेंगलुरू-मैसूरु रूट) पर किया जाएगा. इस ट्रेन को 10 नवंबर को लॉन्च करने का प्लान बनाया जा रहा है. बता दें यह ट्रेन करीब 483 किमी की दूरी को तय करेगी.

फिलहाल इस समय देश में 4 वंदे भारत एक्सप्रेस चल रही हैं.

**किस-किस रूट पर चल रही हैं 4 वंदे भारत ट्रेनें**

आपको बता दें देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली से वाराणसी के बीच में चल रही है. दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस दिल्ली से कटड़ा के लिए चल रही है. तीसरी वंदे भारत एक्स्प्रेस मुंबई से अहमदाबाद के बीच में चल रही है. वहीं, चौथी वंदे भारत एक्सप्रेस दिल्ली से हिमाचल के ऊना के बीच में हाल ही में शुरू की गई है.

**रेलमंत्री ने किया सफर**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को हिमाचल से रवाना हुई वंदे भारत एक्सप्रेस में दिल्ली तक का सफर किया था. इस सफर के बाद में रेलमंत्री ने जानकारी दी है कि वंदे भारत ट्रेन 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी है और खास बात यह है ट्रेन के सफर के दौरान पानी की बोतल बिल्कुल भी नहीं हिली है.

**75 वंदे भारत ट्रेनों का किया जाएगा संचालन**

पीएम नरेंद्र मोदी का प्लान है कि जल्द ही देश में 75 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, जिससे यात्री लंबी दूरी के सफर को कम समय में पूरा कर सकेंगे. बता दें देश की पहली सेमी हाई-स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस 2019 में शुरू की गई थी.

## रामलीला : अंगद व रावण संवाद का किया गया रोचक मंचन

**जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : स्थानीय नगर पंचायत स्थित बीका भगत के पोखरे पर चल रही रामलीला में बृहस्पतिवार रात को अंगद- रावण संवाद लीला का रोचक मंचन किया गया।

प्रसंग में मंदोदरी रावण से सीता जी को वापस लौटाने के लिए अनुनय विनय करती है वहीं विभीषण और माल्यवान भी राम से संधि कर सीता को लौटाने के लिए खूब समझाते हैं लेकिन रावण किसी की नहीं सुनता,यहां तक कि विभीषण को लात मारकर लंका से निष्कासित कर देता है और विभीषण राम की शरण में पहुंच जाता है। समुद्र पर सेतु का निर्माण कर राम वानर भालुओं की सेना सहित लंका पहुंच जाते हैं। युद्ध टालने के एक और प्रयास में बाली पुत्र अंगद को शांति दूत बनाकर रावण के दरबार में भेजा जाता है जहां तमाम उंचनीच समझाकर अंगद रावण से सीता को ससम्मान राम को लौटाने की सीख देता है लेकिन दंभी रावण इस सीख को हंसी में उड़ाते हुए अपने बल पराक्रम का बखान करने लगता है। अंगद रावण की सभा में अपना पैर जमा



देता है और रावण के योद्धाओं को चुनौती देता है कि अगर कोई उसका पैर उठा दे तो सीता को हार कर प्रभु राम वापस लौट जाएंगे।रावण का एक भी योद्धा अंगद के पैर को किंचित हिला भी नहीं सका तब रावण स्वयं उपस्थित होता है लेकिन अंगद अपना पैर हटा लेता है और कहता है कि उसके नहीं,प्रभु राम के चरण पकड़ो जिसमें कल्याण है। अंगद रावण को युद्ध की चुनौती देकर राम के पास लौट आते है। इसके पूर्व हनुमान जी द्वारा माता सीता को अंगूठी देना एवं समुद्र के किनारे मां शक्ति की पूजा का सुंदर दृश्य दिखाया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन १४ अक्टूबर से २० अक्टूबर

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा, स्टेलर ग्रीन अपार्टमेंट के सामने वाला ग्राउण्ड, सोम बाजार रोड, सैक्टर-43, छलेरा, नोएडा मे दिव्य ज्योति जाग्रति सँस्थान के सौजन्य से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन आज 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक नोएडा मे कथा व्यास पीठ पर सुप्रसिद्ध मानस मर्मज्ञा विदुषी सुश्री कालिँदी भारती जी शिष्या (श्री आशुतोष महाराज जी) के मुखारविंद से कहीं जा रहीं हैं। आज 10 बजे कथा स्थल से मँगल कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य यजमान डा.विजय सिह चौहान, कार्यक्रम संयोजक ठा.मानसिह चौहान, एवं ठा.करतार सिह चौहान तथा सहयोगी बन्धु लायन धीरज गोयल एवं मुकुल वाजपेई मिडिया प्रभारी ने झँडी दिखाकर प्रारंभ कराया। आज 14 अक्टूबर को कथा व्यास जी ने अपनी ओजस्वी वाणी से धर्म, अध्यात्म- विज्ञान, भक्ति-रस एवं मधुर सँगीत से




परिपूर्ण कथा अमृत का पान कराते हुए भागवत महात्म्य एवं अभिमन्यु प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। इस अवसर पर नोएडा शहर एवं ग्रामीणों ने काफी तादाद मे एकत्रित होकर आनन्द के साथ शालीनता से कथा सुन धर्म लाभ अर्जित किया।

## चुनाव आयोग की नगर निगम के बावत मुस्तैदी से,सियासी सरगर्मियां तेज

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- चुनाव आयोग के कल के जारी आदेश ने नगर निगम के चुनावों के बावत,दिल्ली के सियासी दलों में सरगर्मियां तेज हो गई हैं।ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि दिसंबर में हो सकते हैं।दिल्ली में नगर निगम चुनाव। सूत्रों के अनुसार निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2022-23 के लिए होने वाला दिल्ली नगर निगम चुनाव पहले से लंबित चल रहा है।राज्य चुनाव आयोग चुनावी प्रक्रिया को लेकर मुस्तैदी दिखा रहा है। उससे तो यही लगता है कि दिल्ली राज्य चुनाव आयोग ने निगम चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग की ओर से गुरुवार को जारी आदेश में निगम के सहायक आयुक्त और शिक्षा विभाग के उप-निदेशक सहित अन्य अधिकारियों को नोडल अफसर बनाते हुए चुनावी प्रक्रिया संबंधी तमाम कार्य को अपडेट कर उनकी समीक्षा करने के लिए कहा है। आदेश के बाद से राजनीतिक गलियारों में सरगर्मियां तेज हो गई हैं।आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2022-23 के लिए होने वाले दिल्ली नगर निगम चुनाव पहले से लंबित चल रहा है। आयोग की तरफ से तीन अधिकारी कुलदीप सिंह, पंकज चमोली और उदित बी.बडौनी को नामित किया गया है।वहीं निगम के सभी 12 जोन के सहायक आयुक्त को चुनाव के मद्देनजर अपने-अपने जोन का नोडलअधिकारी बनाया गया है। साथ ही कहा गया कि निगम के सभी जोन के शिक्षा विभाग के उप-निदेशक को सब-नोडल अधिकारीऔर सहायक उप-निदेशक को सब नोडल अधिकारी (मैन पावर) का कार्य देखने की जिम्मेदारी दी गई है।राज्य चुनाव की तैयारी से लग रहा है कि आगामी दिसंबर में दिल्ली नगर निगम की 250 सीटों पर चुनाव होंगे।दिसंबर में निगम चुनाव की संभावना अधिक है और अंदाजा लगाया जा रहा है कि दिल्ली नगर निगम की 250 सीटों पर मतदान दिसंबर के मध्य या फिर चौथे पखवाड़े में भी हो सकता है। दिल्ली वालों के लिए यह मौका मुफीद भी है, क्योंकि ठंड के दौरान दिल्ली के स्कूलों में सर्दियों का अवकाश रहता है। अधिक सीटें नहीं है।इसलिए एक ही चरण में मतदान होने के पूरे आसार हैं।

## जेवर क्षेत्र में जमीन प्लाट खरीदने वालों के लिए चेतावनी

**कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि उक्त प्लाट खरीदने से 5.50लाख रू० का लाभ तथा नौकरी व प्लाट मिल जायेगा।**

(हरेश उपाध्याय) ग्रेटर नोएडाः- कार्यालय कलेक्टर/अपरजिलाधिकारी (भु०अ०) गौतमबुद्धनगर( भूमि अर्जन कार्यालय, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, जेवर एच-169, चितवन एस्टेट सेक्टर गामा-2 ग्रेटर नोएडा द्वारा दलालों/असामाजिक व भ्रामक तत्वों को लिखित में चेतावनी जारी की गई है। फिर भी यदि कोई दलाल,असामाजिक तत्व किसी को लाभ का झांसा देता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। ज्ञातव्य हो कि कि जनपद गौतमबुद्धनगर के जेवर क्षेत्र में स्टेज-2 फेज-1 के लिए 05 ग्रामों उन्हेरा कुरैव दयानतपुर, करौली बांगर मुढरह व वीरमपुर की 1185 हेक्टे० भूमि का अर्जन राज्य सरकार द्वारा नोएडा अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट,जेवर के निर्माण की परियोजना के लिए भूमि अर्जन अधिनियम-2013 के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत किया जा रहा है। प्रायः यह देखने में आ रहा है कि क्षेत्र के कतिपय व्यक्ति और क्षेत्र से बाहरी व्यक्तियों द्वारा नोएडा अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट,जेवर परियोजना क्षेत्र में पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन का अनुचित लाभ पाने के उद्देश्य से अत्यन्त छोटे रकबे (10 से 50 वर्गमीटर) भूमि क्रय की जा रही है।

प्रथम दृष्टिया यह प्रतीत होता है कि कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि उक्त प्लाट खरीदने से 5.50लाख रू० का लाभ तथा नौकरी व प्लाट मिल जायेगा।भूमि अर्जनअधिनियम-2013 की दूसरी अनुसूची में उल्लिखित किया गया है कि






भू-स्वामियों और ऐसे कुटुम्ब जिनकी जीविका मुख्यतः अर्जित भूमि पर निर्भर है, को ही पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन हकदारियों के लाभ देय होंगे।भूमि अर्जन अधिनियम-2013 में वर्णित उपरोक्त प्राविधान से स्पष्ट है कि जिन अपात्र व्यक्तियों द्वारा छोटे रकबे / जमीन क्रय करने की कार्यवाही की जा रही है।उन व्यक्तियों को न ही पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के अन्तर्गत लाभ मिलेगा।ऐसे लोगों को नियोजन (नौकरी) या 5.50 लाख का लाभ भी नहीं दिया जायेगा।अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नोएडा अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, जेवर स्टेज-2 फेज-1 में अधिग्रहीत की जा रही 1185 हेक्टे0 भूमि हेतु भूमि अर्जन अधिनियम 2013 की धारा-1 के बाद जिन व्यक्तियों द्वारा पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के अन्तर्गत अनुचित लाभ प्राप्त करने हेतु अत्यन्त कम क्षेत्रफल में भूमि जेवर एयरपोर्ट परियोजना क्षेत्र में क्रय की गयी है या कम की जा रही है।उन्हें भूमि अर्जन अधिनियम 2013 के अन्तर्गत देय पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन लाभ नहीं दिया जायेगा। साथ ही साथ सर्वसाधारण को सचेत किया जाता है कि पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के अन्तर्गत लाभ दिलाने हेतु सकिय हुए दलालों / असामाजिक तत्वों के झांसे में न आये। इस अनाधिकृत कार्य में लिप्त लोगों के विरुद्ध जांच की जा रही है। ऐसे लोगों के बारे में सूचना इस कार्यालय में किसी कार्यदिवस में अथवा ई-मेल आईडी admlagnoida@gmail.com पर दे सकते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।

आपको और पूरे समाज जागरण टीम को अंतश की अथाह गहराईयों से असीम शुभकामनाएं संप्रेषित कर मन आह्लादित और आनंदित हो रहा है।

हरेश चन्द्र उपाध्याय वरिष्ठ पत्रकार

समाज जागरण बिना किसी भेदभाव और राग द्वेष बगैर तथ्यात्मक सूचनाओं का प्रेषण किया एवं सटीक और सही खबरों को लोगों तक पहुंचाई । इसके लिए समाज जागरण टीम, प्रबंधन और संपादक बधाई के पात्र है । आगे भी यह बेमिसाल अखबार पत्रकारिता के मानदंडों पर खरा उतरते हुए अपनी सफलता का परचम लहराता रहेगा। प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर सफलता और उन्नति की कामना के साथ बधाई

प्रवीण कुमार झा नोएडा सेक्टर 19

# अब्दुल कलाम

अवुल पकिर जैनुल्लाब्दीन अब्दुल कलाम (जन्मः 15 अक्तूबर, 1931, रामेश्वरम; मृत्युः 27 जुलाई, 2015 शिलांग) जिन्हें डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के नाम से जाना जाता है, भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रसिद्ध वैज्ञानिक और अभियंता के रूप में विख्यात थे। उनका राष्ट्रपति कार्यकाल 25 जुलाई, 2002 से 25 जुलाई, 2007 तक रहा। उन्हें मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता है। वह एक गैर राजनीतिक व्यक्ति थे। विज्ञान की दुनिया में चमत्कारिक प्रदर्शन के कारण ही राष्ट्रपति भवन के द्वार उनके लिए स्वतः ही खुल गए। जो व्यक्ति किसी क्षेत्र विशेष में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है, उसके लिए सब सहज हो जाता है और कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता। अब्दुल कलाम इस उद्धरण का प्रतिनिधित्व करते नजर आते थे। उन्होंने विवाह नहीं किया था। उनकी जीवन गाथा किसी रोचक उपन्यास के नायक की कहानी से कम नहीं है। चमत्कारिक प्रतिभा के धनी अब्दुल कलाम का व्यक्तित्व इतना उन्नत था कि वह सभी धर्म, जाति एवं सम्प्रदायों के व्यक्ति नजर आते थे। वह एक ऐसे स्वीकार्य भारतीय थे, जो सभी के लिए 'एक महान- आदर्श' बन चुके हैं। विज्ञान की दुनिया से देश का प्रथम नागरिक बनना कपोल कल्पना मात्र नहीं है, क्योंकि यह एक जीवित प्रणेता की सत्य कथा है।

जीवन परिचय
मुख्य लेख : अब्दुल कलाम का जीवन परिचय


अब्दुल कलाम का पूरा नाम 'डॉक्टर अवुल पाकिर जैनुल्लाब्दीन अब्दुल कलाम' था। उनका जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को रामेश्वरम तमिलनाडु में हुआ था। द्वीप जैसा छोटा सा शहर प्राकृतिक छटा से भरपूर था। शायद इसीलिए अब्दुल कलाम जी का प्रकृति से बहुत जुड़ाव रहा था।

रामेश्वरम का प्राकृतिक सौन्दर्य समुद्र की निकटता के कारण सदैव बहुत दर्शनीय रहा है। उनके पिता 'जैनुलाब्दीन' न तो ज्यादा पढ़े-लिखे थे, न ही पैसे वाले थे। वे नाविक थे, और नियम के बहुत पक्के थे। उनके पिता मछुआरों को नाव किराये पर दिया करते थे। उनके संबंध रामेश्वरम के हिन्दू नेताओं तथा अध्यापकों के साथ काफी स्नेहपूर्ण थे। अब्दुल कलाम ने अपनी आरंभिक शिक्षा जारी रखने के लिए अखबार वितरित करने का कार्य भी किया था।

विद्यार्थी जीवन
मुख्य लेख : अब्दुल कलाम का विद्यार्थी जीवन

अब्दुल कलाम जब आठ-नौ साल के थे, तब से सुबह चार बजे उठते थे और स्नान करने के बाद गणित के अध्यापक स्वामीयर के पास गणित पढ़ने चले जाते थे। स्वामीयर की यह विशेषता थी कि जो विद्यार्थी स्नान करके नहीं आता था, वह उसे नहीं पढ़ाते थे। स्वामीयर एक अनोखे अध्यापक थे और पाँच विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष निःशुल्क ट्यूशन पढ़ाते थे। इनकी माता इन्हें उठाकर स्नान कराती थीं और नाश्ता करवाकर ट्यूशन पढ़ने भेज देती थीं। अब्दुल कलाम ट्यूशन पढ़कर साढ़े पाँच बजे वापस आते थे। उसके बाद अपने पिता के साथ नमाज पढ़ते थे। फिर कुरान शरीफ का अध्ययन करने के लिए वह अरेशिक स्कूल (मदरसा) चले जाते थे। इसके पश्चात्त अब्दुल कलाम रामेश्वरम के रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर जाकर समाचार पत्र एकत्र करते थे।

कार्यक्षेत्र
मुख्य लेख : अब्दुल कलाम का कार्यक्षेत्र



1962 में वे 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' में आये। डॉक्टर अब्दुल कलाम को प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह (एस.एल.वी. तृतीय) प्रक्षेपास्त्र बनाने का श्रेय हासिल है। जुलाई 1980 में इन्होंने रोहिणी उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा के निकट स्थापित किया था। इस प्रकार भारत भी 'अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष क्लब' का सदस्य बन गया। 'इसरो लॉन्च व्हीकल प्रोग्राम' को परवान चढ़ाने का श्रेय भी इन्हें प्रदान किया जाता है। डॉक्टर कलाम ने स्वदेशी लक्ष्य भेदी (गाइडेड मिसाइल्स) को डिजाइन किया। इन्होंने अग्नि एवं पृथ्वी जैसी मिसाइल्स को स्वदेशी तकनीक से बनाया था। डॉक्टर कलाम जुलाई 1992 से दिसम्बर 1999 तक रक्षा मंत्री के 'विज्ञान सलाहकार' तथा 'सुरक्षा शोध और विकास विभाग' के सचिव थे। उन्होंने स्ट्रेटेजिक मिसाइल्स सिस्टम का उपयोग आग्नेयास्त्रों के रूप में किया।

डॉ. अब्दुल कलाम जब एच.ए.एल. से एक वैमानिकी इंजीनियर बनकर निकले तो उनके पास नौकरी के दो बड़े अवसर थे। ये दोनों ही उनके बरसों पुराने उड़ान के सपने को पूरा करने वाले थे। एक अवसर भारतीय वायुसेना का था और दूसरा रक्षा मंत्रालय के अधीन 'तकनीकी विकास एवं उत्पादन निदेशालय' का था। उन्होंने दोनों जगहों पर साक्षात्कार दिया। वे रक्षा मंत्रालय के तकनीकी विकास एवं उत्पादन निदेशालय में चुन लिए गए। सन 1958 में इन्होंने 250 रुपए के मूल वेतन पर निदेशालय के तकनीकी केंद्र (उड्डयन) में वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक के पद पर काम संभाल लिया।

विशेष योगदान
मुख्य लेख : अब्दुल कलाम का योगदान

फरवरी, 1982 में डॉ. अब्दुल कलाम को डी.आर.डी.एल का निदेशक नियुक्त किया गया। उसी समय अन्ना विश्वविद्यालय, मद्रास ने इन्हें 'डॉक्टर आफ साइंस' की मानक उपाधि से सम्मानित किया। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करने के करीब बीस साल बाद यह मानद उपाधि डॉ. अब्दुल कलाम को प्राप्त हुई। डॉ. अब्दुल कलाम ने रक्षामंत्री के तत्कालीन वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. वी. एस. अरूणाचलम के मार्गदर्शन में 'इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' (आई.जी.एम.डी.पी.) का प्रस्ताव तैयार किया। स्वदेशी मिसाइलों के विकास के लिए एक स्पष्ट और सुपरिभाषित मिसाइल कार्यक्रम तैयार करने के उद्देश्य से डॉ. अब्दुल कलाम की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई।

राजनीतिक जीवन
मुख्य लेख : अब्दुल कलाम का राजनीतिक जीवन

डॉक्टर अब्दुल कलाम राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्ति नहीं हैं लेकिन राष्ट्रवादी सोच और राष्ट्रपति बनने के बाद भारत की कल्याण संबंधी नीतियों के कारण इन्हें कुछ हद तक राजनीतिक दृष्टि से सम्पन्न माना जा सकता है। इन्होंने अपनी पुस्तक 'इण्डिया 2020' में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है। यह भारत को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनते देखना चाहते हैं और इसके लिए इनके पास एक कार्य योजना भी है। परमाणु हथियारों के क्षेत्र में यह भारत को सुपर पॉवर बनाने की बात सोचते रहे हैं। वह विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में भी तकनीकी विकास चाहते हैं।

व्यक्तित्व एवं कृतित्व
मुख्य लेख : अब्दुल कलाम का व्यक्तित्व

डॉ. कलाम एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं। वेशभूषा, बोलचाल के लहजे, अच्छे-खासे सरकारी आवास को छोड़कर हॉस्टल का सादगीपूर्ण जीवन, ये बातें उनके संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर एक सम्मोहक प्रभाव छोड़ती हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, देश के विकास और युवा मस्तिष्कों को प्रज्ज्वलित करने में अपनी तल्लीनता के साथ साथ वे पर्यावरण की चिंता भी खूब करते हैं, साहित्य में रुचि रखते हैं, कविता लिखते हैं, वीणा बजाते हैं, तथा अध्यात्म से बहुत गहरे जुड़े हुए हैं। डॉ. कलाम में अपने काम के प्रति जबर्दस्त दीवानगी है। उनके लिए कोई भी समय काम का समय होता है। वह अपना अधिकांश समय कार्यालय में बिताते हैं। देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों में डॉ. कलाम की सक्रियता तथा स्फूर्ति काबिलेतारीफ है। ऊर्जा का ऐसा प्रवाह केवल गहरी प्रतिबद्धता तथा समर्पण से ही आ सकता है। डॉ. कलाम खानपान में पूर्णतः शाकाहारी व्यक्ति हैं। वे मदिरापान से बिलकुल परहेज करते हैं। उनका निजी जीवन अनुकरणीय है। डॉ. कलाम की याददाश्त बहुत तेज है। वे घटनाओं तथा बातों को याद रखते हैं।

सम्मान और पुरस्कार
डॉ. कलाम को अनेक सम्मान और पुरस्कार मिले हैं जिनमें शामिल हैं-

**इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स का नेशनल डिजाइन अवार्ड**
**एरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का डॉ. बिरेन रॉय स्पेस अवार्ड**
**एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का आर्यभट पुरस्कार**
**विज्ञान के लिए जी.एम. मोदी पुरस्कार**
**राष्ट्रीय एकता के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार।**
**डॉ. कलाम भारत के विशिष्ट वैज्ञानिक थे, जिन्हें 30 विश्वविद्यालयों और संस्थानों से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त हुई थी।**
**भारत के नागरिक सम्मान के रूप में डॉ. कलाम को 1981 में पद्म भूषण, 1990 में पद्म विभूषण, 1997 में भारत रत्न सम्मान प्राप्त हो चुके थे।**

## धनऔर सुख चाहते हैं तो घर में लक्ष्मी जी को इस प्रकार पूजे

### धन की माता लक्ष्मी की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे गीता मिश्रा की कलम से----

सिंगाही -- नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा वार्ड नंबर 04 निवासी गीता मिश्रा ने बताया कि माता लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए हिन्दू धर्म में धन की देवी का दर्जा भगवान विष्णु की भार्या महालक्ष्मी को प्राप्त है। लक्ष्मी जी की कृपा से ही घर में पैसा और सुख दोनों वास करते हैं। दौलत पाने के वैसे तो बहुत सारे रास्ते हैं लेकिन इच्छित धन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए लक्ष्मी जी मार्ग प्रदान करती हैं। घर में लक्ष्मी जी को स्थिर करने के लिए यहां कुछ उपाय बताए जा रहे हैं। आप भी उन्हें आजमाकर अपना भाग्य बदल सकते हैं। अच्छे कर्म करें, जल्दी ही मनचाही सम्पत्ति प्राप्त करने के योग बनने लगेंगे।

: पीपल के वृक्ष की छाया में खड़े होकर लोहे के पात्र में जल, चीनी, शुद्ध घी एवं दूध मिलाकर उसकी जड़ में डालने से घर में लंबे समय तक सुख-समृद्धि रहती है और लक्ष्मी का स्थायी वास होता है।

अगर आप यह अनुभव कर रहे हैं कि समय से पूर्व ही पुरुष या स्त्री के बाल सफेद हो गए हैं, बरकत एकदम समाप्त हो गई है, मान हानि, बनते कार्यों में रुकावट, सुख की जगह दुख तथा निराशा दिखाई देती है तब परिवार के एक-एक व्यक्ति से पैसा लेकर गुरुधाम में दें तो ऐसे अनिष्टकारी फल का नाश हो जाएगा : घर गृहस्थी में कितना ही करो, बराबर कुछ न कुछ घटता ही रहता है। बरकत नहीं होती। अतः बरकत के लिए रसोई घर में थोड़ी-सी जलकुम्भी लाकर लटका दें। जब तक वह रहेगी बरकत बनी रहेगी। जलकुम्भी किसी कपड़े से ढक दें। जलकुम्भी प्रायः बरसात के दिनों में पाई जाती है।

जो व्यक्ति दुकान चलाते हैं तो उनके लिए ये उपाय अधिक लाभदायक है। जब आप सुबह दुकान खोलें, कार्य प्रारंभ करने से पूर्व नित्य अगर लक्ष्मी जी के चित्र को धूप दीप कर प्रणाम किया जाए तो अवश्य ही बिक्री बढ़ेगी।

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के मुख्य दरवाजे पर हर रोज शाम को घी का दीपक जलाने से हर तरह की नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है। कोई भी ऊपरी हवा घर में प्रवेश नहीं कर पाती। घर के मुख्य दरवाजे पर शाम के समय घी का दीपक जलाने से धन लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

प्रेम से बोलिए माता लक्ष्मी की जय



प्रभाकर गीता त्रिपाठी

# जिनपिंग बनाम हमारे पंत प्रधान



चीन से खबर आती है तो समझिये कि उसके पीछे कुछ है. चीन से खबरें आसानी से बाहर नहीं आतीं. अब खबर आयी है कि चीन में राष्ट्रपति सही जिनपिंग की तीसरी बार ताजपोशी से पहले उनके खिलाफ प्रदर्शन करने वाले 14 लाख सत्याग्रहियों को गिरफ्तार किया गया है .गिरफ्तार किये गए लोग शी जिनपिंग को तानाशाह बता रहे थे .चीन दुनिया का एक महत्वपूर्ण शक्तिशाली देश हैं जहां वामपंथियों का क्रूर शासन है .

चीन में लोकतंत्र की क्या स्थिति है उसे मैंने एक पर्यटक के नाते चीन में रहकर महसूस किया है .वहां कोई आसानी से प्रदर्शन नहीं कर सकता .लोग बुझे-बुझे और तनावग्रस्त दिखाई देते हैं .ऐसे में राजधानी बीजिंग में 16 अक्टूबर को चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी शी जिनपिंग को तीसरी बार देश की कमान सौंपने की तैयारी कर रही हैं। करीब 5 साल बाद होने वाली इस बेहद अहम बैठक से पहले चीन में हुए दुर्लभ प्रदर्शन में शी जिनपिंग की ' जीरो कोविड ' नीति से बुरी तरह से परेशान हो चुकी जनता ने बीजिंग के कई इलाकों में पोस्टर-बैनर लगाकर चीन के राष्ट्रपति को तानाशाह बता दिया। चीन की जनता कोरोना टेस्ट नहीं बल्कि खाना मांग रही है।

भारत में जनता कोविड से नहीं घबड़ाती क्योंकि यहां 80 करोड़ जनता को मुफ्त अनाज बांटकर पिछले अनेक वर्षों से मूर्ख बनाया जा रहा है ,लेकिन जनता की आँख कब खुल जाए और वो कब चीन की जनता की तरह मुफ्त का भंडारा नहीं सचमुच का रोजगार मांगने लगे कहा नहीं जा सकता .जनता को जगाने के लिए कांग्रेस के राहुल गांधी कदमताल तो कर ही रहे हैं .

चीन से छलनी लगाकर आने वाली खबरें डरावनी तो हैं लेकिन उत्साहित भी करतीं हैं कि जनता तानाशाही के खिलाफ खड़ा होना सीख रही है. चीन ने इस पार्टी कांग्रेस से ठीक पहले बीजिंग को एक किले में बदल दिया है. शी जिनपिंग चीन के संस्थापक माओ के बाद दूसरे ऐसे नेता हैं जिन्हें तीसरी बार राष्ट्रपति बनाया जा रहा है। चीन का दावा है कि उसने 14 लाख अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अल्पसंख्यकों के खिलाफ जासूसी को बहुत बढ़ा दिया गया है. फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक बीजिंग आने वाले हर व्यक्ति की व्यापक जांच की जा रही है. चीन ने किसी भी विरोध की स्थिति से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है.

भारत में भी दो साल बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना है .वे देश के एक जबरदस्त या जबरदस्ती के लोकप्रिय नेता हैं ,लेकिन उनके खिलाफ भी सही की तरह उनकी अपनी पार्टी और आम जनता में असंतोष पनप रहा है. मोदी जी जिस तरह से प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को अपने कारकेट के पीछे दौड़ाते हैं या अपने कार्यक्रमों में अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को ' बिड़ार ' देते हैं उससे जाहिर है कि वे शी जिनपिंग से कम नहीं हैं. हाल ही में उज्जैन में लोगों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादत्य सिंधिया समेत अनेक केंद्रीय मंत्रियों की फजीहत नंगी आँखों से देखी .

चीन में यदि कुछ होता है तो उसका आसपास की राजनीति पर असर पड़ता है या नहीं,ये हम जैसे आम लेखक नहीं बता सकते ,ये काम विदेशनीति के जानकार ही कर सकते हैं,लेकिन हम जैसे लोग ये जरूर बता सकते हैं कि भारत में भी हालात चीन से कम खराब नहीं हैं .यहां भी जनता में असंतोष लगातार पनप रहा है लेकिन उसे फिलहाल भक्तिरस में डुबो दिया गया है.सरकार भूख,गरीबी ,मंहगाई ,बेरोजगारी पर ध्यान देने के बजाय मंदिरों को जगमग करने में लगी है .जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा मंदिरों को चमकाने और उन्हें पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने पर खर्च किया जा रहा है .जनता का एक बड़ा वर्ग सरकार की इन कोशिशों से यदि असंतुष्ट है तो एक बड़ा वर्ग अभिभूत भी है .

भारत में जनता विरोध करना भूल गयी है,या उसे भुला दिया गया है,लेकिन इसी के चलते आसमान से जमीन पर आयी कांग्रेस ने सड़क पर उतर कर जनता के मन से डर समाप्त करने की जो मुहिम शुरू की है वो मुमकिन है कि आने वाले दिनों में विकराल रूप धारण कर ले .भारत में जनता का आंदोलित होना लोकतंत्र के लिए बहुत आवश्यक है .जनता के लगातार मौन ने देश में तानाशही प्रवृत्ति को बहुत मजबूत कर दिया है .हमारा नेतृत्व ' अहम ब्रम्हास्मि ' की मुद्रा में है .उसे आसपास कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा. अभिभूत नेतृत्व को किराए की भीड़ अपने इर्दगिर्द देखकर ये भरम हो रहा है कि देश में उसके बराबर कोई बचा ही नहीं है .

पिछले कुछ महीने में दुनिया के तमाम छोटे-बड़े देशों में तानाशही मनोवृत्ति के खिलाफ जनता का गुस्सा आपने देखा ही होगा.भगवत कृपा से अभी भारत इस गुस्से से बचा हुआ है ,लेकिन जिस तरह से देश में नफरत की अंधी चल रही है,जिस तरीके से देश को एक खास धार्मिक रंग में रंगने की कोशिश की जा रही है ,उसे देखकर लगता है कि आने वाले दिन बहुत सुखद नहीं हैं .देश की जनता ने जिस सरकार को अपने पहरेदारी के लिए चुना है उसे पूजाघरों की सजावट के लिए नहीं बल्कि देश को सजाने-सँवारने के लिए चुना है .लोकतंत्र की रक्षा केलिए फिलहाल देश में वोट ही एकमात्र ' रामायुध ' है ,इसका इस्तेमाल सही तरीके से होता रहे तो मुमकिन है कि देश में चीन की तरह के हालात न बनें ,अन्यथा राम ही राखे .

भारत और चीन की आजादी लगभग एक ही उम्र की है ,लेकिन चीन ने राजनीति का अलग बाना पहना और भारत ने अलग. दोनों ही देशों के नेता अपने-अपने तरीके से अपने अपने-अपने देश को ताकतवर बनाने में लगे हैं .किसे कितनी कामयाबी मिली है ये दुनिया से छिपा नहीं है .दुनिया से जो छिपा है वो भी धीरे-धीरे बाहर आ रहा है .लाख पहरों के बावजूद उसे छिपाया नहीं जा सकता .क्योंकि पहरा धरती पर लगाया जा सकता है आसमानों पर नहीं .इसलिए सावधान रहिये ,अपनी जिम्मेदारियों को समझदारी से निभाते रहिये .

**@ राकेश अचल**

# राशि फल

**आपको आपके आने वाले कल के बारे में एक सटीक झलक और ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करता है।**

**मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क राशि समेत सभी 12 राशियों का जानें राशिफल मेष राशि- धन की हानि का योग बना है. आज न कर्ज लें और न किसी को दें. वृषभ राशि- दूसरों की निंदा से बचें. कोई तीसरा व्यक्ति आपके महत्वपूर्ण संबंध खराब करा सकता है.**




**मेष** आज आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से सहयोग मिलेगा, जिससे आपका काम समय पर पूरा होगा। आप घर पर ही किसी धार्मिक कार्य का आयोजन करने की सोच सकते है आपको अपने कार्य में सफलता मिलेगी। साथ ही परिवार वालों का भी पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आपको तरक्की के नए रास्ते खुले नजर आयेंगे। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को कोई गुड न्यूज मिल सकती है। नव विवाहित के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, साथी आपको कोई रिंग उपहार में दे सकते है।

**वृषभ** आज आपको सबके साथ अपने रिश्तें बेहतर बनाकर रखने चाहिए। खासकर कि अपने दोस्तों के साथ रिश्तो में मजबूती लाने की जरूरत है। रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को जल्द ही जॉब का कोई अच्छा अवसर मिलेगा। इस राशि के बुक सेलर्स के लिए आज का दिन ठिक रहेगो शाम को परिवार के साथ मिलकर समय बितायेंगे, माता पिता कि सलाह से आपके साथ सब अच्छा होगा। करोबारा में बरकत होगी। महिलाओ का दिन आज शॉपिंग करने में बितेगा। सेहत अच्छी बनी रहेगी।

**मिथुन** आज आप अपना ध्यान पूजा-पाठ में लगायेंगे, तो आपको जल्द ही अच्छे फलों की प्राप्ति होगी। पैसों के मामले में आपको किसी तरह की टेंशन लेने से बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में थोड़ी मेहनत की जरूरत है। इस राशि के छात्रों को भी अच्छे रिजल्ट्स पाने के लिये मेहनत करनी होगी। माता-पिता का आपको पूरा साथ मिलेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव जैसी स्थिति हो सकती है। आपको अपने साथ ही अपने बच्चों की सेहत का भी ख्याल रखना चाहिए। साथ ही अपने मन को शांत रखने की कोशिश करनी चाहिए। आपकी सभी परेशानियां दूर होगी।

**कर्क** राशि आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आया है। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, किसी विषय में आ रही समस्याएं दूर हो जायेगी। घर वालों के साथ गुड टाईम स्पेंड करेंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। घर में पूजा-पाठ का आयोजन हो सकता है। जूनियर आपकी मदद के लिये तैयार रहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा , आप उनके साथ डीनर पर जाने का प्लान बनायेंगे। घर का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**सिंह** आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। घर मे धार्मिक कार्य होने से आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपसे खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशीप करने का विचार बना सकते हैं। अगर आप किसी से प्यार करते हैं, तो आज उनसे अपने दिल की बात कह सकते हैं। व्यपारियों को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ हो सकता है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का दिन समान्य रहेगो आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे । नोकरिपेशा वाले लोगो की आय में वृद्धि होगी।

**कन्या** आज आपको किसी खास व्यक्ति से कोई प्रेरणा मिल सकती है जो भविष्य में अपको फयदा दिलायेगी। आज किसी पूराने दोस्त से मुलाकात होगी। दोस्त बिजनेस के लिये आपको कुछ नये आइडिया दे सकता है। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बनी रहेगी। कुछ बड़े लोग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम बना रहेगा। घर का माहौल अच्छा बना रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी , रिश्ते बेहतर होंगे। सभी काम समय से पूरें होंगे।

**तुला** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा। बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कुछ कम रुचि ले सकते हैं। बिजनेस में विरोधियों से आपको बचकर रहना चाहिए। ऑफिस में सीनियर आपके काम से खुश होकर आपको कुछ गिफ्ट कर सकते हैं। खुद को फिट रखने के लिए आपको योग करना चाहिए। करोबार में आ रही सभी परेशानियाँ दूर होगी। शाम को जीवनसाथी के साथ समय बिताने से सब अच्छा होगा।

**वृश्चिक** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपका पैसा कहीं अटक सकता है। बढ़ता खर्च आपको थोड़ा परेशान कर सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं हिल स्टेशन पर घूमने की प्लांनिग करेंगे। किसी काम में अनुमान से ज्यादा ही मेहनत और समय लग सकता है। आप अपने दोस्ती के रिश्तों में सुधार लाने की कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस से जुड़ा कोई भी फैसला आपको सोच-समझकर लेना चाहिए, बेहतर रहेगा। आपके कुछ खास कामों में रुकावट आ सकती है, लेकिन परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपके साथ सब अच्छा होगा।

**धनु** आज आपका दिन घूमने-फिरने में बीत सकता है। आप परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक से कोई बड़ा धन लाभ हो सकता है, जिससे आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और मजबूत होगा। आप अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव ला सकते हैं। आपका पूरा ध्यान अपने करियर को आगे बढ़ाने पर रहेगा। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा, पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

**मकर** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको अचानक धन लाभ होगा। आपके कई योजनाएँ समय से पूरे हो जायेंगे। आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल कर लेंगे। आपके मन की इच्छा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में आपको लाभ मिलेगा। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे। बच्चें आपको गर्व करने की वजह देंगे। सफलता आपके कदम चूमेगी।

**कुंभ** आज आप पर काम का बोझ ज्यादा हो सकता है, जिसकी वजह से आप थकान महसूस करेंगे। किसी काम में अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित हो सकती है। जीवनसाथी के साथ अपने रिश्तों को लेकर आप ज्यादा ही भावुक हो सकते हैं। कारोबार में आपको फायदा हो सकता है, लेकिन आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल बनाकर रखना चाहिए। सोचे हुए काम पूरे होंगे। किसी काम के लिए माता-पिता से ली गई सलाह आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी समस्या खत्म होगी।

**मीन** आज आपका दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में काम को पूरा करने में पूरी तरह से आप सक्षम होंगे। इस राशि के लॉ की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा। किसी सीनियर्स वकील के साथ इंटरर्नशिप करने का मौका भी आपको मिलेगा। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। आप जिससे भी मदद की उम्मीद करेंगे, उससे आपको समय पर मदद मिल जायेगी। आपको सभी काम में सफलता हासिल होगा।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# जिलाधिकारी सरयू नदी से प्रभावित इलाकों का किया दौरा

## –संबंधितों को दिया निर्देश तटबंधों पर रखें 24 घण्टे की निगरानी



**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : सरयू नदी के बढ़े जलस्तर से प्रभावित इलाकों का दौरा जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने शुक्रवार को किया। उन्होंने सिकंदरपुर व बेल्थरारोड तहसील क्षेत्र में तटबंधों की स्थिति का जायजा लिया। बाढ़ खंड के अभियंताओं को निर्देश दिए कि टीएस बंधे के अलावा सरयू किनारे सभी छोटे-बड़े बन्धों पर भी सतत निगरानी रखी जाए। कहीं भी अगर थोड़ा बहुत भी रिसाव की समस्या आए तो उसे युद्धस्तर पर लगकर दुरुस्त करा दिया जाए।

जिलाधिकारी ने डुहा बिहरा में जाकर बाढ़ की स्थिति को देखा। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और भरोसा दिलाया कि उनके हर परिस्थिति में सरकार और जिला प्रशासन उनके साथ है। वहां से बेल्थरारोड क्षेत्र में निकलीं और कोइली मोहान रेगुलेटर का निरीक्षण किया। रेगुलेटर में भी हल्का रिसाव होने की समस्या देखने पर उसे तत्काल सही कराने के निर्देश दिए। इसके बाद तुतीर्पार-टन्गुनिया बंधे पर चैनपुर गुलौरा के पास हल्का रिसाव की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची और बाढ़ खंड के अभियंताओं के माध्यम से युद्ध स्तर पर बचाव कार्य शुरू कराया। उन्होंने कहा कि 24 घंटे बन्धों पर निगरानी रखी जाए। बाढ़ जैसी स्थिति में थोड़ी भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अजय यादव ने साथियों संग दी नेताजी को श्रद्धांजलि

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण बलिया** : समाजवादी पार्टी के संरक्षक उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन के दिन से ही उन्हें श्रद्धांजलि देने का दौर प्रारंभ है। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर नगर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अजय यादव ने साथियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी। पार्टी के जिला कार्यालय पर इनदिनों प्रतिदिन नेताजी को श्रद्धांजलि देने का दौर चल रहा है। शुक्रवार को नगर विधानसभा क्षेत्र के साथियों ने अपने हर दिल अजीज नेता को पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि दिया। नेताजी के चित्र पर सभी ने फूल माला चढ़ाया। अपने संबोधन में अजर यादव ने कहा कि नेताजी का जाना भारतीय राजनीति की एक बहुत बड़ी क्षति है जिसे पूरा नहीं किया जा सकता। नेताजी के निधन से आयी रिक्ति को कभी भरा नहीं जा सकेगा। समाजवाद के एक युग का अंत हुआ है। इस दौरान सभी ने उनकी आत्मा शांति के लिए मौन भी रखा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में हरेंद्र गोड, सुभाष यादव, वीरजीत यादव, आशीष यादव, रमेश्वर पासवान, प्रदीप गोड, अवधेश यादव आदि मौजूद रहे।



# नगरा पुलिस ने 302 के अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतोष द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण नगरा (बलिया)** : पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर द्वारा अपराध के समूल उन्मूलन एवं आपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नगरा पुलिस को एक सफलता मिली। पुलिस ने 302 के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के सिपुर्द कर दिया




बृजेश सिंह थानाध्यक्ष नगरा बलिया मय हमराह कर्मचारी गण के देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित/ वारण्टी के क्षेत्र में मामूर थे कि मुखवीर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त के वांछित अभियुक्त नीरज उर्फ विक्की सिंह पुत्र स्व0 विजय शंकर सिंह निवासी डिहवा थाना नगरा को परसिया चट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया जा रहा है ।

# कार्यकुशलता से चिकित्सा क्षेत्र नए आयाम स्थापित कर रहा आईएमए - डा. सहजानंद सिंह

*– नगर के नरई बांध स्थित डायग्नोस्टिक सेंटर में आईएमए की संगोष्ठी का आयोजन*

*– उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए जिले के 17 चिकित्सकों को किया गया सम्मानित*

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : शहर के नरई बांध स्थित डायग्नोस्टिक सेंटर में शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सहजानंद प्रसाद सिंह ने जिले के 17 वरिष्ठ चिकित्सक को निरंतर उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डा. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा और समर्पण के माध्यम से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अपनी कार्यकुशलता से लोगों के बीच बेहतर चिकित्सा के नित्य नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस निरंतरता को बनाए रखने के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में होने वाले नए अनुसंधान से सभी का अवगत होना बेहद जरूरी है। अपील किया कि सभी चिकित्सक गरीब के उपचार के लिए आगे आए। इनकी सेवा से चिकित्सक का प्रमुख कर्तव्य है। कहा कि चिकित्सकों के हित के लिए संगठन पूरी तरह तत्पर है। उनकी सुरक्षा के लिए सरकार के वार्ता चल रही है। जिससे चिकित्सक सुरक्षा के साथ अपनी सेवा दे सकें। आईएमए के अध्यक्ष डा. एनके सिंह और सचिव डा. राहुल राय ने मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय मिडिया सलाहकार दिनेश मोहन को स्मृति चिन्ह



और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। डा. सहजानंद प्रसाद सिंह ने डा. कन्हैया दूबे, डा. एसएन खत्री, डा. एनके सिंह, डा. जेडआई उस्मानी, डा. गंगासागर सिंह, डा. पीएल गुप्ता, डा. आरएम मिश्रा, डा. एसएन राय, डा. एससी तिवारी, डा. एचएन सिंह, डा. वसीमुद्दीन जमाली, डा. संजय सिंह, डा. मंगला सिंह, डा. अशोक कुमार वर्मा, डा. कुसुम वर्मा, डा. बदरे आलम, डा. मंगला सिंह को नेशनल प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन एवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. प्रतिमा सिंह, डा. पीके गुप्ता, डा. ओपी सिंह, डा. सीएस साहनी, डा. अनिल कुमार, डा. नीलकंठ राय, डा. मनोज कुमार गुप्ता, डा. ज्ञानेंद्र सिंह चौहान, डा. आरके सिंह, डा. आरके अग्रवाल, डा. कंचनलता आजाद सहित अनेक चिकित्सक मौजूद थे।

# नगीना अंबेडकर धर्मशाला में बौद्ध धर्म दीक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया

**विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नगीना । मौहल्ला अंबेडकर नगर नगीना में अंबेडकर धर्मशाला में प्रबुद्ध बोध सभा के तत्वाधान में बोध धर्म दीक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया इस कार्य क्रम में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए पुरुष व महिलाओं ने भाग लिया । सर्वप्रथम बौद्ध पूजा उपाशक द्वारा बुद्ध प्रार्थना कराई गई , पंचशील, अष्टांगीक मार्ग आदि पर प्रवचन देते हुए भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को समझाया गया । इसके बाद वक्ताओ ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आरके सिंह आइ ए एस रिटायर्ड प्रमुख सचिव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 1956 में बाबा साहब ने बौद्ध धर्म स्वीकार किया था जो निसंदेह जो स्वतंत्रता, समता , भातृत्व , करूणा, मैत्री,जैसे मानवीय गुणों वाला धर्म है । इसके बावजूद देश में प्रचार और प्रसार बहुत कम है । इसका कारण यह है कि बौद्ध ग्रंथों बौद्ध पूजा उपाशक , प्रचारक , वालंटियर्स नहीं है । आवश्यकता इस बात की है लोगो को इस मानवीय गुणों पर आधारित धर्म की जानकारी हेतु क्रमबद्ध कार्य क्रम आयोजित किए जाए । आरके सिंह ने यह भी कहा की भगवान बुद्ध,संत गुरु रविदास तथा बाबा साहब की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार करके उनके बताए रास्ते पर चलने की। प्रेरणा दी जाए ।यह भी कहा की इन तीनों महामनवो द्वारा किसी भी प्रकार का नशा प्रतिबंधित किया है। लेकिन लोगो में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है जो अनेक अवगुणों को जन्म देती है। बोध ग्रंथ - सूत्र पीटक,विनय पिटक,अभीधम्म पीटक को पढ़। जाए भगवान बुद्ध की प्रार्थनाओं को समझाया जाए , पुजा पद्धति में कोई कर्मकाण्ड,ढकोसला तथा अंधविश्वास न हों। देश के प्रमुख धर्म स्थानो को अपना तीर्थ माने जिनमे लुम्बानी, बौद्धगया, सारनाथ , श्रावस्ती,वैशाली , कौशांबी, कुशीनगर राजगीर,नालंदा , दीक्षा भूमि , आदि मुख्य तीर्थ है । उन्होंने कहा बौद्ध विरासत बहुत सम्पन्न है । आवश्यकता बुद्धिमान विचारकों प्रचारक वालंटियर्स की है । यह आवाह्न करते हुए की इन तीनों महामानवो को शिक्षाओं को अपने जीवन में उतरे ताकि देश की उन्नति हो सके । इसके अलावा कार्यक्रम सूर्य कांत गौतम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा बौद्ध धर्म के लोगों को नशे से दूर रहना चाहिए नशा जीवन के लिए बेहद हानिकारक है हमें बौद्ध द्वारा बताए गए मार्गो को अपनाना चाहिए। इस मौके पर शैलेंद्र कुमार मास्टर हरीश सिंह कोमल सिंह लाल सिंह बौद्ध,जशराम बौद्ध सुमित बौद्ध सूर्य कान्त गौतम ,कैलाश बौद्ध, अलका बौद्ध, जोड़ियां भाई रतिराम और रामरतन आदि दर्जनों व्यक्तियो ने अपने विचार व्यक्त किए ।संचालन विक्रम बौद्ध द्वारा किया गया ।



# डीआईओएस के निर्देशन में सनबीम स्कूल परिसर में संपन्न हुई सीबीएसई स्कूल प्रिंसिपल की बैठक

## स्काउट गाइड के लिए स्काउटिंग गाइडिंग को अनिवार्य रूप से सीबीएसई स्कूलों में लागू किया जाए

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलियाः भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में तथा जिला विद्यालय निरीक्षक बलिया के निर्देशन में शुक्रवार को सनबीम स्कूल अगरसंडा बलिया के सभागार में सीबीएसई विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उनके प्रतिनिधि गण की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में स्काउटिंग पर प्रकाश डालते हुए सीबीएसई विद्यालयों में स्काउटिंग गाइडिंग को अनिवार्य रूप से लागू करने की बात करते हुए सभी विद्यालयों में कब बुलबुल एवं स्काउट गाइड के दल गठन हेतु पंजीकरण फॉर्म भरा गया और उन विद्यालयों का पंजीकरण किया गया। विद्यालय में प्रगतिशील प्रशिक्षण की बात भी की गई जहां कब से लेकर के और स्काउट गाइड तक के प्रशिक्षण के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर नौशाद अली सिद्दीकी ने डॉ प्रभात कुमार आईएएस मुख्य आयुक्त उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के निदेशों से सभी को परिचित कराया और स्काउटिंग गाइडिंग पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अरुण सिंह गामा प्रबंध निदेशक सनबीम स्कूल बलिया और प्रधानाचार्या डॉक्टर अर्पिता का स्वागत और सम्मान फ्लावर स्टिक और बुके भेंट कर किया गया तथा स्काउट संस्था के लोगों ने स्कार्फ पहना कर किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अरुण सिंह ने स्काउटिंग को सभी विद्यालयों में प्रारंभ करने के लिए आए हुए प्रधानाचार्य गणों से अपील की। इसे समाज के विकास में बेहतर योगदान प्रस्तुत करने तथा छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए आवश्यक रूप से अपने विद्यालयों में लागू करें। जिला संस्था के सचिव राजेश कुमार सिंह ने सभी विद्यालयों का पंजीकरण करते हुए रसीद प्रदान किया और इसके साथ ही समस्त जनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री निर्भय सिंह सहायक स्काउट कमिश्नर ने आभार प्रकट किया और संचालन जिला संगठन कमिश्नर और जिला स्काउट मास्टर सौरभ पांडे तथा अरविंद सिंह ने किया। इस अवसर पर जनपद के सभी तहसीलों के स्काउट काउंसलर, गाइडर्स तथा अन्य स्काउट्स आदि सभी मौजूद रहे।



# शिक्षक और प्राचार्य के बीच गालीगलौज, मामला पहुंचा एसडीएम तक

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : सुदिष्ट बाबा स्नाकोत्तर महाविद्यालय सुदिष्टपूरी रानीगंज में शिक्षक व प्राचार्य के बीच शुक्रवार को आपस जमकर कहासुनी, गाली गलौज हुई। उसके बाद मामला एसडीएम के पास पहुंच गया। एसडीएम ने समझा बुझाकर दोनों पक्षों में सुलह कराया और मामले को आपसी बातचीत के जरिये हल कराया।

आयोग द्वारा सुदिष्टपुरी महाविद्यालय में डा0 राम शर्मा विगत माह पूर्व यहां का कार्यभार ग्रहण किया है। इसके पहले प्रकाशचन्द्र त्रिपाठी यहां के कार्यवाहक प्राचार्य रहे थे। नवागत प्राचार्य के आने के बाद शिक्षकों में दो गुट बन गयी। एक गुट प्राचार्य समर्थक तो दूसरा पूर्व प्राचार्य समर्थक में बंट गया। जिसमे कई बार दोनों गुट खुलकर आमने सामने हो गए। शुक्रवार को शिक्षकों के दोनों गुटों में कहासुनी और गालीगलौज तक की स्थिति बन गया। महाविद्यालय में पढ़ाई करने गये छात्र छात्राऐ वहां अपने को असहज महसूस करते हुये अपने अपने घर चले गये। प्राचार्य समेत दोनों पक्ष उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र के पास उनके कार्यालय पहुंचकर अपनी अपनी फरियाद की। फिलहाल बैरिया उप जिलाधिकारी जिलाधिकारी के आदेश से उक्त महाविद्यालय का प्रबन्धक का कार्य देख रहे है।प्रबन्धक/ उपजिलाधिकारी ने दोनों पक्षो को सुना। शिक्षकों के बीच हुये विवाद को हस्तक्षेप कर बातचीत कर मामले को समाप्त करा दिया । उप जिलाधिकारी ने प्राचार्य से सख्त लहजे में कहा कि विद्यालय में पहले की तरह शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। आप लोगो की रार का असर छात्र छात्राओं पर पड़ेगा। शिक्षा के मंदिर को जंग का अखाड़ा न बनाया जाय। मैं किसी भी कार्य दिवस को विद्यालय का निरीक्षण करने आऊंगा।

# दो बाइक आमने-सामने टकराई, हादसे में एक युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : गड़वार थाना क्षेत्र के बहादुरपुर कारी गांव के समीप आमने-सामने बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की दोपहर की है।



बहादुरपुर कारी निवासी 30 वर्षीय सत्येन्द्र पासवान पुत्र रामप्रवेश पासवान दोपहर में अपने गांव से किसी काम के लिए स्थानीय नगर पंचायत रतसर जा रहा था। ज्योंहि गांव से निकलकर रतसर- पकड़ी मार्ग पर पहुंचा उसी दौरान रतसर की तरफ से तेज रफ्तार बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में सत्येंद्र बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी पर लाया गया। जहां स्थित की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्वजनों ने बेहतर इलाज के लिए उसे मऊ लेकर चले गए जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की दो पुत्र एवं एक पुत्री है।

# नगर पालिका को आगे कर जिला प्रशासन करना चाह रहा बड़ा खेल

*–मामला लोहिया मार्केट आवंटन का*

*–पूर्व पालिका अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने भी लगाया जिला प्रशासन पर बड़ा आरोप*

*–निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने को है और मार्केट आवंटन में तेजी क्यों*

*–कहा जिला प्रशासन या तो सरकार को लाभ देना चाहता या अपनी जेब गरम*



**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : ंगर पालिका परिषद में 20 वर्ष पहले एक मार्केट बनना शुरू हुआ। आर्य समाज रोड के बगल में लोहिया मार्केट बना भी निर्माण पूर्ण भी नहीं हुआ जिला प्रशासन उसे नगर पालिका को आगे कर जल्दी आवंटन करने में लगा है। जिला प्रशासन को इस कार्य से क्या सरकार को लाभ पहुंचाने का मन है या अपनी जेब गरम करने का यह चर्चा नगर सहित जिले में होने लगी है। जिलाधिकारी एक तरफ नगर पालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार की जांच बैठा रहीं हैं और दूसरी तरफ लोहिया मार्केट आवंटन का काम भी। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने भी जिला प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। लोहिया मार्केट भी भ्रष्टाचार की भेंट चढेगा।

पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता के कार्यालय में शासनसे लोहिया मार्केट की शुरूआत हुई । नगर पालिका ने सात करोड़ रुपए कार्यदायी संस्था को दिया। संस्था ने निर्माण पूर्ण किए बगैर मार्केट को नगर पालिका को देना चाहा। चेयरमैन ने लेने से इंकार किया। फिर संजय उपाध्याय चेयरमैन बने उन्होंने भी नहीं लिया। लक्ष्मण गुप्ता की भाभी चेयरमैन बनीं उन्होंने ने भी निर्माण पूरा करने को कह दिया। उसके बाद चेयरमैन अजय कुमार ने मार्केट को ले लिया। मार्केट आज भी पूर्ण निर्मित नहीं है। आलम यह है कि नगर पालिका का चुनाव सिर पर है और जिला प्रशासन नगर पालिका को आगे कर आवंटन कराने की जल्दी में है।

पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय ने कहा कि जिला प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त चेयरमैन को आवंटन के लिए कैसे कह रहा है। जगस चेयरमैन पर भ्रष्टाचार के तमाम आरोप हैं जिलाधिकारी जांच भी करा रहीं हैं उसे ही आवंटन क्यों दिया जा रहा है। मार्केट आवंटन की जगह मार्केट पालिका को हैंडओवर और निर्माण पूर्ण नहीं किए जाने की जांच होनी चाहिए। कहा जिला प्रशासन का यह खेल समझ में नहीं आ रहा।

# भारतीय किसान यूनियन (तोमर) ग्रुप द्वारा प्रिंस शर्मा को उनके अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया

**विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नगीना।आज दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को भारतीय किसान यूनियन



(तोमर) ग्रुप की बिजनौर टीम ने



युवा जिलाध्यक्ष विशाल बालियान के नेतृत्व में कस्बा नगीना के थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार शर्मा का उनके अच्छे कार्य के लिए पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। युवा जिला अध्यक्ष चौधरी विशाल बालियान ने कहा अगर भारतीय किसान यूनियन (तोमर) भ्रष्ट अधिकारियों का विरोध करती है तो अपने पद का सही तरीके से इस्तेमाल करने वालों शासनिक व प्रशासनिक अधिकारियों का तह दिल से सम्मान भी करती है। इस मौके पर जिला महासचिव चंद्रपाल सिंह गहलोत। बढ़ापुर नगर अध्यक्ष रघुनाथ सिंह। नगीना नगर अध्यक्ष विजय कुमार। मीडिया प्रभारी मनदीप कुमार। हिमांशु चौधरी, अनमोल चौधरी, हर्ष चौधरी, वरुण गालियां। आदि पदाधिकारि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मां उषा देवी संस्थान ने गरीबों को सौंपे छह शव वाहन

**– मुख्य राजस्व अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**– समाजसेवी अजय जायसवाल ने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : नर सेवा ही सच्ची नारायण सेवा है, ऐसा हमारे वेद शास्त्रों में कहा गया है, बिना इसके सभी प्राणी का जीवन अधूरा है। उक्त बातें शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से मां उषा जायसवाल सेवा संस्थान की ओर से आम जन के लिए सौंपे गए छह शव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी अभय कुमार पांडेय ने कही। कहा कि संस्था द्वारा अब तक आठ वाहन जनता को समर्पित किया जाना तथा 1047 शवों का शवदाह कराना अत्यंत ही सराहनीय कार्य है। संस्था के कर्ता-धर्ता समाजसेवी अजय जायसवाल ने बताया कि पिछले चार वर्षों से अब तक 1047 शवों को दोहरीघाट, गाजीपुर, वाराणसी आदि शमशान घाटों पर पहुंचाया गया है। संस्था की तरफ से लोगों को वाहन निश्शुल्क उपलब्ध कराया जाता है,




इसके साथ ही कोई ऐसा जरूरतमंद जो तेल भराने में भी सक्षम नहीं है तो तेल का भी खर्च संस्था ही वहन करती है। कहा कि यह कदम इस उद्देश्य के साथ उठाया गया कि किसी गरीब को शवदाह के लिए किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े वह संस्था से संपर्क कर उनका निश्शुल्क अंतिम संस्कार करा सके। इस दौरान संतोष सिंह, मुन्ना सिंह, शिवम, चुलबुल सिंह, रीशु सिंह, त्रिभुवन, विद्यासागर आदि मौजूद थे।

# शिक्षामित्रों ने प्रदेश अध्यक्ष को अपनी मागो के सम्बन्ध में दिया ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण बहजोई ।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र को शिक्षामित्रों की समास्याओं के समाधान को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खण्डवंशी के माध्यम से जिला महामंत्री उमेश कुमार शौली के नेतृत्व मे प्रदेश अध्यक्ष को बहजोई आगमन पर शिक्षामित्रों की समास्याओं का समाधान करने के व अन्य प्रदेशों की भातिं अलग कैडर बनाकर स्थायी करने के सम्बन्ध में एक ज्ञापन दिया` जिससे शिक्षामित्र अपने व अपने परिवार का जीवन यापन सम्मान पूर्वक कर सके, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षामित्रों से कहा कि आपकी समास्याओं के सम्बन्ध में सरकार गम्भीर है आप सब सरकार पर भरोसा व पूर्ण विश्वास रखे आपकी सभी समास्याओं का समाधान अवश्य किया जायेगा प्रतिनिधि मण्डल मे चौधरी धर्मवीर सिंह, अंकित सक्सेना, सुभाष बाबू, अनेश राधव,भूकन सिंह, सत्यपाल ,नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे ।



# फसल अवशेष प्रबंधन योजना अंतर्गत कालेज के विद्यार्थियों हेतु कार्यक्रम आयोजित

**विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नगीना। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना बिजनौर के वैज्ञानिकों द्वारा दिनांक 14 अक्तूबर 2022 को साहू जैन कालेज में डिग्री कॉलेज के बच्चों हेतु फसल अवशेष प्रबंधन पर कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी निबंध प्रतियोगिता ड्राइंग कंपटीशन आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम में सब सहभाग करने वाले विद्यार्थियों में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे हैं सभी 180 विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान के नगीना द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन विषयक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉ केके सिंह ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि

ड़ फसल अवशेष को जलाना क्षोभ मंडल में गैसीय प्रदूषकों जैसे-कार्बनमोनोऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रसऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन का एक प्रमुख स्रोत है। एक टन भूसे को जलाने से 3 कि.ग्रा. पार्टिकुलेटमैटर (पीएम), 60 कि.ग्रा. कार्बनमोनोऑक्साइड, 1,460 कि.ग्रा. कार्बनडाइऑक्साइड, 199 कि.ग्रा. राख और 2 कि.ग्रा. सल्फर डाइऑक्साइड निकलती है। इन गैसों के कारण सामान्य वायु की गुणवत्ता में कमी आ जाती है।

धान का फसल अवशेष जलाना विशेष रूप से एयरोसोल कणों जैसे मोटेकण (पीएम 10) और महीन कण (पीएम 2.5) का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि कृषि अवशेष जलाने के कारण निकलने वाले महीन कण आसानी से फेफड़े में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे हृदय में परेशानी होती है।




फसल के अवशेष को खेत में आग लगाने से सर्वप्रथम मृदा नमी में कमी एवं मृदा तापमान में बढ़ोतरी होती है, जिससे खेत की उर्वराशक्ति कम होने के साथ-साथ मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि फसलो के अवशेषों को जलाने से होने वाले दुष्परिणामों का मानव स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है एवं कैसे बचा जा सके।

वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि फसलों के अवशेषों का गन्ने की खेती मे मल्चिंग के रूप में अच्छी तरह से उपयोग कर सकते है । अपनी फसल के अवशेषों के खेतों में अति शीघ्र डीकंपोज करने हेतु वेस्ट डी कंपोजर का प्रयोग करें और वेस्ट डी कंपोजर को कैसे तैयार किया जा सकता है के बारे मे बताए साथ ही गन्ना सह फसल उत्पादन तकनीक की जानकारी दी।

डॉ. प्रतिमा गुप्ता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान साथियों अपनी बागवानी की फसलों से उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु आप अब वैज्ञानिक तरीके अपनाएं और फसलों के अवशेषों को अपनी खेती में अवश्य मिलाएं । विद्यालय के प्राचार्य डा. एन पी सिंह जी ने विद्यालय में हो रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी साथ ही साथ अपने स्कूल के विद्यार्थियों को फसल अवशेषों के प्रबंधन के प्रति जागरूक किया। उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों भविष्य को देखते हुए भविष्य के पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने हेतु अपनी फसलों के अवशेष ना जलाए और साथ ही साथ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि आप द्वारा केंद्र पर बहुत ही अच्छा कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए किया गया भविष्य में ऐसे कार्यक्रम विद्यालय आयोजित कराता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन डा. अनिल कुमार सिंह सह प्राध्यापक साहू जैन कालेज ने किया।

## शोक सभा आयोजित कर सिबतैन अहमद के प्रति लोगों ने नम आँखों से शोक प्रकट किया.

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता चंदन कुमार दास**

भगत सिंह युवा मोर्चा, अररिया के सौजन्य से गुरुवार को टाउन हॉल में जिला कॉंग्रेस कमेटी के प्रवक्ता, कैरियर गाईड एकेडमी के निदेशक सिबतैन अहमद के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया.

भगत सिंह युवा मोर्चा के सदस्यों के साथ साथ आम लोगों ने उन्हें नम आँखों से श्रद्धांजलि दी.

इतने जल्दी और बेवक्त कम उम्र में सिबतैन के जाने से लोगों मे काफी सदमा है. शोक प्रकट करने वाले अधिकांश लोगों की आंखे नम थी. उनके जाने का इस कदर सदमा लोगों पर दिख रहा था कि लोग सही से बोल नहीं पा रहे थे इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो इतने कम उम्र में अपने दोस्तों, रिश्तेदारों, मिलने जुलने वालों मे कितना शोहरत पा चुके थे यही कारण है कि अररिया से लेकर दिल्ली तक अलग अलग संगठनो ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, राजनीतिक और आर्थिक संघर्षों को नम आँखों से याद किया.



उन्होंने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने मातृ भूमि अररिया मे आकर सामाजिक कार्यों में लग गए जिसके कारण वो हर तबके के दिलों में छाप छोड़ कर इस दुनिया से चले गए जबकि उनकी मौत अपने आप में एक युवा पीढ़ी की मौत है.

उनकी मौत बिजली शॉर्ट सर्किट के कारण हो गई थी जो अररिया के नौजवान तबके को झकझोर दिया है.

गुरुवार को टाउन हॉल में भगत सिंह युवा मोर्चा अररिया के शोक सभा में गांव से लेकर शहर के लोग भारी संख्या में मौजूद थे जिसमें सिबतैन अहमद के पिता प्रोफेसर रकीब साहब और उनके छोटे भाई सुफयान साहब, सत्यन शरन साहब, कारी नियाज साहब, फारूक ट्रांसलेटर साहब और भगत सिंह युवा मोर्चा के सदस्य जनाब इम्तियाज अनीस उर्फ लडडु, तबरेज हसन, राशिद इकबाल, राहिल अहमद, मोहतशीम अख्तर और खुर्शीद नेता जी मौजूद थे.

## प्रखंड में एस एच 91 किनारे लगे अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा कराया गया खाली जनता हुई आक्रोशित।

**कुन्दन कुमार/समाज जागरण, छातापुर, सुपौल**

जिले में छातापुर प्रखंड के डहरिया पंचायत वार्ड संख्या 11 में एस एच 91 किनारे अंचल प्रशासन के द्वारा किये गए अतिक्रमण खाली करने की कार्रवाई के बाद 24 घंटे से हंगामा बरपा हुआ है, इस कार्रवाई में बेघर हुए करीब एक दर्जन परिवार के लोगों ने आक्रोशित होकर महिलाओं और बच्चों के साथ एस एच 91 पर डेरा डाल दिया है, पिडीत गृहस्वामियों ने क्षतिग्रस्त घर के मलबे को हाइवे पर रखकर आवागमन को पुरी तरह बाधित कर दिया है, पिडीत परिवार के लोग पुलिस व प्रशासन पर अमानवीय व्यवहार करने तथा बसे बसाये घर को उजाड़ने का आरोप लगा रहे थे, बुधवार की शाम से लेकर गुरुवार को समाचार प्रेषण तक हाइवे पर वाहनों का परिचालन अवरुद्ध है, जिसके कारण हाइवे के दोनों ओर पुरे दिन वाहनों की लंबी कतार लगी रही, जाम की सुचना के बावजूद पुलिस व प्रशासन के लोग मौके से गायब थे, हालांकि सुवह करीब 10 बजे एसडीएम त्रिवेणीगंज एस जेड हसन जाम स्थल पर पहूंचे और हालात का जायजा लिया, एसडीएम के द्वारा गृहस्वामियों से आवश्यक पुछताछ के बाद जमीन का दस्तावेज लेकर कार्यालय आने को कहा गया, लेकिन गृहस्वामियों की नराजगी दूर नही हुई और पिडीत परिवार के सभी लोग अन्य ग्रामीणों के सहयोग से हाइवे पर डटे रहे, पिडीत गृहस्वामी शिवन यादव, सज्जन यादव, कैलु यादव, शंभु यादव, श्याम यादव, विरेंद्र यादव, धीरेंद्र यादव, रामदेव यादव, मन्नू



यादव, सचेन यादव ने बताया कि प्रशासन व पुलिस ने दो जेसीबी से जबरन उनलोगों के ढाई दर्जन कच्चे पक्के घर को जेसीबी से ढहा दिया, जिसके कारण उनलोगों को करीब 50 से 60 लाख रुपए की संपति का नुकसान हुआ है, परिवार के सभी सदस्य बेघर होकर खुले आसमां के नीचे आ गये हैं, कहा कि जबतक उनलोगों को हुई क्षति का मुआवजा नही मिलेगा और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होगी तबतक आवागमन बाधित रहेगा

जमाबंदी रद्दीकरण के बाद आम भूमि से की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, पिडीतों ने उजाड़ने से पूर्व बसाने की लगाई थी गुहार

अंचल कार्यालय के द्वारा गृहस्वामियों को अतिक्रमण खाली करने के लिए 16 जुलाई 2022 को नोटिस भेजा गया था, नोटिस के अनुसार अपर समाहर्ता सुपौल के द्वारा उक्त 10 कट्ठा भूमि को गैरमजरूआ आम बताते जमाबंदी संख्या 1283 को रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद अंचल कार्यालय में अतिक्रमण वाद संख्या 06/22-23 दर्ज कर अतिक्रमित भूमि को खाली कराने की कार्रवाई की गई, नोटिस में स्वयं से अतिक्रमण खाली नही करने की स्थिती में बिहार सरकार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम के तहत यथोचित कार्रवाई करने की हिदायत भी दी गई थी, इधर पिडीत गृहस्वामियों की मानें तो उनके पूर्वजों ने करीब 72 साल पूर्व 10 कट्ठा जमीन केवाला से प्राप्त किया था, जिसके बाद जमाबंदी करवाकर लगान रशीद भी कट रहा था, उक्त जमीन पर दो पिढी से वेलोग पक्के कच्चे मकान बनाकर रह रहे थे, 2017 में हल्का कर्मचारी ने बताया कि रशीद काटने पर रोक लगा दी गई, बताया कि उनलोगो ने डीएम एवं अंचलाधिकारी को आवेदन देकर घर उजाडने से पूर्व बसाने की व्यवस्था करने की गुहार लगाई थी, लेकिन उनलोगो की मांग को अनसुना करते हुए जबरन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर दी गई

## जन संघर्ष मोर्चा संगठन चुनाव के दृष्टिकोण से बैठक

आज वार्ड सदस्य प्रखंड मधवापुर वार्ड पंच जन संघर्ष मोर्चा संगठन चुनाव के दृष्टिकोण से बैठक हुई जिसमें सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे सच्चिदानंद ठाकुर उर्फ बम बम ठाकुर वार्ड सदस्य बासुकी दक्षिणी पंचायत ने संगठन की मजबूती पर विस्तार से बात रखें उसके बाद संगठन को बहुत दिनों से समय दे रहे बहुत ही जुझारू लगातार दो बार वार्ड सदस्य चुके रामसागर पंडित जी को प्रखंड अध्यक्ष के लिए प्रस्ताव रखा जिस पर वहां उपस्थित सभी वार्ड सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्विरोध वार्ड सदस्य वार्ड पंच जन संघर्ष मोर्चा मधवापुर के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में रामसागर पंडित जी को निर्वाचित किया गया जिस पर सभी लोगों ने हाथ उठाकर के समर्थन किया और आगे पांच उपाध्यक्ष पांच सचिव तीन महासचिव एक कोषाध्यक्ष प्रखंड कार्यसमिति ताबीज चयन करना है जो निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा अगले बैठक में सभी के सहमति से किया जाएगा अध्यक्ष रामसागर पंडित जी ने सभी वार्ड सदस्यों को संबोधित करते हुए वार्ड सदस्य के संगठन पर मजबूती से अपने विचार रखे वर्तमान समय में वार्ड सदस्यों का संगठन क्यों जरूरी है उस के संदर्भ में विस्तार से बताया गया प्रत्येक पंचायत से दो-दो प्रखंड कमेटी के लिए नाम चयनित किया गया है पंचायत अध्यक्ष पंचायत की कमेटी भी तय की गई है प्रखंड स्तर के पदाधिकारी का चयन करना बाकी है जो आगे कर लिया जाएगा संरक्षक अजय भगत ने संबोधित किया कि बड़े प्रतिनिधि के द्वारा वार्ड सदस्य के अधिकार का हनन किया जाता है जो कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तरैया पंचायत के वार्ड सदस्य लव भंडारी के साथ गलत तरीके से पंचायत सेवक द्वारा केस किया गया है उसको वापस लिया जाए नहीं तो उनके विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा अगर किसी भी वार्ड सदस्य के साथ ऐसी घटना होती है या किसी पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि के द्वारा अधिकार का हनन किया जाएगा तो उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बैठक में उपस्थित थे संघ के संरक्षक अजय भगत सच्चिदानंद ठाकुर उर्फ बम बम ठाकुर कुशेश्वर मंडल खारी नाथ महतो सुनील सोनी संजय प्रत्याशी सुरेंद्र महत्व सुखदेव कामत विनोद ठाकुर राजेश रोशन रत्नेश यादव केवल सा रामनाथ रावत कैलाश शाह रामसागर सा सत्येंद्र महोत्सव राम प्रसाद यादव अनिल सोनी सुनील मलिक रामवृक्ष मंडल संजय झा मुकेश जा चंद्रवीर सा आदि सैकड़ों की संख्या में व्हाट्सएप उपस्थित थे निर्णय लिया गया या गांव में मासिक बैठक 1 नवंबर को बिहारी में किया जाएगा जिसमें सभी वार्ड सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी

## श्रम प्रवर्तन निदेशक ने कटोरिया के चार दुकानों से बरामद किए बाल मजदूर

**दैनिक जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट**

शुक्रवार को श्रम प्रवर्तक अधिकारियों द्वारा कटोरिया के विभिन्न दुकानों में छापेमारी कर 4 बाल मजदूरों को बरामद कर बांका समाहरणालय के कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां सभी बच्चों को बाल गृह भागलपुर भेज दिया गया।

इस संबंध में श्रम प्रवर्तन अधिकारी कुमार रमन ने बताया कि राजीव शाह नाश्ता दुकान से संदीप कुमार ,प्रखंड कार्यालय के समीपे प्रमोदे यादव के नाश्ता दुकान से अभिनंदन मिश्र, ओवर ब्रिज के निकट रीता चौधरी



के दुकान से कुंदन कुमार और नाश्ता दुकान राधानगर मुकुल नाग के दुकाने से संतोष कुमार बाल श्रमिक को बरामद किया गया ।जो सभी 14 वर्ष से कम उम्र के थे । कल शनिवार को कटोरिया थाना में बाल श्रमिक अधिनियम धारा 14 के तहत 4 दुकानदारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

बता दें कि कटोरिया विभिन्न प्रतिष्ठानों में वर्षों से बाल श्रमिकों से मजदूरी लिया जा रहा है ।जो गैरकानूनी है।

इस छापामारी से बाल श्रमिक से वाले काम लेने वाले दुकानदारों में हड़कंप मचा है

## ग्राइंडर मशीन की चपेट में आने से युवक जख्मी, किया गया रेफर

**दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।**

बौंसी/बांका। बौंसी थाना क्षेत्र के कुशमाहा गांव में शुक्रवार को बांस काटने के दौरान ग्राइंडर मशीन की चपेट में आ जाने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कुशमाहा गांव निवासी ज्योतिष मंडल बांस काट रहा था। इसी दौरान ग्रेंडर मशीन से हाथ फिसलने के कारण ग्राइंडर मशीन की चपेट में आ जाने से



गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ उत्तम कुमार ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि, हाथ फिसल जाने के कारण ग्राइंडर मशीन की चपेट में आने पर पैर एवं हाथ में गहरा जख्म युवक को आया है।

## भाजपा द्वारा 17 अक्टूबर को सभी प्रखंड में धरना-प्रदर्सन कर बिहार सरकार की पोल खोल का होगा आयोजन ।

**ब्यूरो/समाज जागरण, सुपौल**

जिले में भारतीय जनता पार्टी के सुपौल जिला अध्यक्ष राम कुमार राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार नगर निकाय चुनाव में अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की मांग को लेकर 17 अक्टूबर को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय पर भाजपा धरना-प्रदर्शन करेगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लापरवाही से नगर निकाय चुनाव में अति पिछड़े को आरक्षण से वंचित किए जाने की जानकारी देंगे।बिहार सरकार न तो आयोग गठन किया न हीं सुप्रीम कोर्ट गया।

श्री राय ने कहा कि भाजपा के सरकार में रहने के दौरान ही आरक्षण नीतियों का पालन हुआ है। इससे पहले राजद और जदयू के गठबंधन में पंचायत से लेकर निकाय चुनाव में आरक्षण के नियमों का पालन नहीं किया गया है।लालू और कांग्रेस सरकार के दौरान 23 वर्षों तक



स्थानीय निकाय चुनाव नहीं हुआ। 2003 में राबड़ी देवी ने स्थानीय निकाय में ईबीसी के साथ ही दलित को भी आरक्षण से वंचित करने का काम किया। जबकि 1977 में मोरारजी देसाई की सरकार में आरक्षण प्रणाली शुरू हुई थी 1989 में बिहार में मंडल आयोग लागू करने में भाजपा की अहम भूमिका रही है। 1990 के बाद बिहार के अधिकांश चुनाव में आरक्षण नियमों की अनदेखी की गई है।बिहार में 2006 में भाजपा के सहयोग से सरकार बनने के बाद आरक्षण लागू हुआ है।

उन्होंने सभी मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी,मंच,मोर्चा, प्रकोष्ठ के सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि अपने-अपने प्रखंड मुख्यालय में 17 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन आयोजित कर बिहार सरकार का पोल खोलने का काम करें।

## प्रखंड में थरिया रेलवे ढाला से पश्चिम रोड हुआ क्षतिग्रस्त, प्रशासन हुआ मोन

**सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर, सुपौल**

जिले में पकिसनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मलाढ पंचायत के थरिया रेलवे ढाला से पश्चिम रोड पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया हे। जिस कारण गुरुवार को स्थानीय ग्रामीण के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया हे। विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण अयोध्या प्रसाद यादव,जागेश्वर सदा,गोपाल मंडल, शिवनारायण यादव, ओमप्रकाश मंडल,रामबीलाश मंडल, सीताराम दास, रामानंद मंडल,योगेंद्र मंडल, बद्री मंडल, साधु दास,बोआ चौधरी आदि ग्रामीणों ने बताया की यह रोड चार वर्ष पहले मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाया गया है जो पूर्वी कोशी तटबंध से थरिया होते हुए किशनपुर को जोड़ती है। इस रोड से हमेशा दूर दराज के लोग आते



जाते है। लगभग दो माह से यहां रोड छतिग्रस्त है लेकिन स्थानीय प्रशासन के द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता हे। कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी से भी रोड के बारे में अवगत कराया गया है। लेकिन महोदय का इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। अगर इस तरह स्थानीय प्रशासन मोन रहा तो हमलोग जिला कार्यालय का घेराव करेंगे। बुधवार देर शाम एक मोटर सायकिल इस गढ़े में गिर गया जिसमे चालक और पीछे में बैठे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्येक दिन यहां दो से तीन व्यक्ति दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हे। फिर भी इस टूटे हुए रोड को कोई देखने वाले नहीं हैं। इस बाबत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया की विभाग को इस बात की जानकारी दे दिया गया है।

## प्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर के भजन गायन पर झूमे भक्त

**दैनिक समाज जागरण सीमांचल प्रभारी मोहम्मद चांद**

ठाकुरगंज नगर स्तिथ गाँधीमैदान में बिप्लबी क्लब की पच्चासवी वर्षगांठ स्वर्ण जयंती के रूप में मनाई गई।जिसमें देश की प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर द्वारा माँ दुर्गा जागरण प्रस्तुत किया गया।जिसमें दुर्गा माँ गणेश,राम,शिव छठ पूजा पर भजन गाई गई।दुर्गा पूजा के पावन पर्व की समापन के बाद बिप्लबी क्लब की पच्चास वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथि द्वारा दीपप्रज्वलित व फीता काटकर किया गया।क्लब के अध्यक्ष कन्हैया लाल महतो की अध्यक्षता में कार्यक्रम संचालित किया गया तथा सचिव अरुण कुंडू की उपस्थिति में सम्पन्न हुईं।कार्यक्रम शुभारंभ में अतिथि के रूप में भाई ताराचंद धानुका पूर्व विधायक गोपाल अग्रवाल निवर्तमान मुख्य पार्षद प्रमोद चौधरी पुर्व मुख्य पार्षद देवकी अग्रवाल बेबी देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित कुमार ठाकुरगंज थानाध्यक्ष मोहन कुमार निबंधन पदाधिकारी मिथलेश दास बेसरबाटी मुखिया अनुपम देवी जगदीश धानुका शोहैल रहमानी आदि उपस्थित हुए जिन्हें बिप्लबी क्लब के अध्यक्ष सचिव व सदस्यों द्वारा बुके द्वारा सम्मानित किया गया।भजन गायिका



शहनाज अख्तर व इनके साथ आये गायक संगीतकार को क्लब के अध्यक्ष कन्हैया महतो सचिव अरुण कुंडू सक्रिय सदस्यों द्वारा शॉल मोमेंटो बुके से सम्मानित किया गया।शहनाज अख्तर ने ठाकुरगंज पहुँचकर बहुत ही प्रसन्न थी उन्होंने यहाँ की एकता तारीफ की और कहाँ ठाकुरगंज अच्छी औए ऐतिहासिक स्थान है यहाँ के नागरिक शांतप्रिय हैं सभी एकजुटता बनाकर रखते हैं।उन्होंने ने पुलिस प्रशासन की भी प्रसंसा करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल करने में सराहनीय कार्य किया।कार्यक्रम से पूर्व गायिका शहनाज अख्तर क्लब के सदस्यों ने बागडोगरा एयरपोर्ट से स्वागत करते हुए नगर भर्मण करवाया।गांधी मौदान महिला पुरुष भक्तों से पूरा भरा हुआ था।कार्यक्रम में बिप्लबी क्लब की ओर से अध्यक्ष कन्हैया लाल महतों सचिव अरुण कुंडू उद्घोषक जयदीप बनर्जी अमित सिन्हा ललित साह विशाल देवगन संजीव साह अमित सुल्तानिया अशोक साह बिटटू साह सूरज गुप्ता पुरण अरोड़ा मुकेश गुप्ता प्रवीण राय ऋतिक चौधरी विवेक साह रोहित जायसवाल अमृत मंडल बिरेन्द्र गुप्ता अभिषेक गुप्ता अभिषेक पोद्दार अनिल साह विजय गुप्ता विष्णु कुमार राणा साहा लव चौधरी अंकित चौधरी सूरज चौधरी केशव साह अमरजीत चौधरी शान्तु मंडल प्रदीप साह चंदन चौधरी हीरा सिंह गोविंद साह अमन चौधरी सहित बिप्लबी क्लब के दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन दल बल के साथ मुस्तैद रहे।

## शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में 06 आरोपी गिरफ्तार

मधुबनी जिला के जयनगर थाना पुलिस बल के द्वारा अभियान के तहत शराब के नशे में 06 लोगों को गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में सघन गस्ती और वाहन चेकिंग के दौरान पीटीसी संतोष कुमार और पुलिस सशस्त्र बल के द्वारा शराब के नशे में 06 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नेपाल धनुषा जिला के खजूरी थाना क्षेत्र के नरहा वार्ड नौ निवासी लाल मण्डल का 25 वर्षीय पुत्र नरेश मण्डल, जयनगर थाना क्षेत्र के बैरा वार्ड ग्यारह निवासी मो. मुंसिफ का 55 वर्षीय पुत्र मो.हारुण , मो. ऐनुल का



30 वर्षीय पुत्र मो. अताबुल , थाना क्षेत्र के गरही टोल निवासी ललित सहनी का 22 वर्षीय पुत्र कृष्णा सहनी और देवधा थाना क्षेत्र के उसराही वार्ड चार निवासी स्व.भुवनेश्वर सहनी का 40 वर्षीय पुत्र प्रहलाद सहनी एवं स्व.जीतू सहनी का 60 वर्षीय पुत्र गंगा सहनी बताया जाता है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र वाटर वेज चौक से अभियान के तहत वाहन चेकिंग के दौरान की गई। सभी आरोपी शराब के नशे में थे और हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं।

## घरेलू विवाद में फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के गंगटीहाटील्हा गांव की 24 वर्षीय महिला कुएं में कूदकर दी जान, पुलिस कर रही जांच

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड के ग्राम पंचायत भितीया अंतर्गत गंगटीहाटील्हा गांव के दास टोला की एक 24 वर्षीय महिला घरेलू विवाद में गुस्से में आकर कुएं में कूदकर जान दे दी है`परिजनों से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश दास की 24 वषीर्या पत्नी कविता देवी आपसी घरेलू विवाद के कारण गुस्से में आकर गुरुवार की शाम घर के बगल के कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी है घटना के बाद ग्रामीणों ने शव को कुएं से बाहर निकालो वहीं मृतका कविता देवी की शादी वर्ष 2018 ईस्वी में दिनेश दास के साथ हुई थी जिसमें मृतका को 1 वर्ष का पुत्र अमन कुमार एवं 2 वर्ष की एक पुत्री मौसम कुमारी है मृतका का मायका सुईयां थाना क्षेत्र के छिड़ा गांव है घटना की सूचना पाकर मृतका की नानी लखिया देवी घटनास्थल पर पहुंची एवं ससुराल वाले पर मृतका को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है वहीं घटना की सूचना पाकर फुल्लीडुमर थाना की पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है, एवं घटनास्थल पर शव की देख रेख में चौकीदार शैलेंद्र कुमार को नियुक्त किया है

## पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से 10 शराबियों को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।**

बौंसी/बांका। बौंसी पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के तहत बौंसी थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से 10 शराबियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि, थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से शराबियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शराबियों में बौसी थाना कॉलोनी निवासी रामकृष्ण शर्मा का पुत्र अभिषेक कुमार, बाराहाट थाना क्षेत्र के लीलावरण गांव निवासी शेख हादीस के पुत्र गौसुल, पंजवारा थाना क्षेत्र के चाकै निवासी नकुल यादव के पुत्र राकेश यादव, सबलपुर निवासी चंद्र माधव सिंह के पुत्र संजीत कुमार सिंह, राम प्रसाद मंडल के पुत्र पंकज मंडल, भैरव मंडल के पुत्र अशोक मंडल, बेगपुर निवासी धुरी यादव के पुत्र जैकेस यादव, अमरपुर थाना क्षेत्र के डुमरामा निवासी दिनेश राम के पुत्र मिथुन कुमार, मडुआबरन निवासी विष्णु दास का पुत्र अर्जुन दास और अमरपुर थाना क्षेत्र के गोरधोआ निवासी चंदन कुमार को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है। सभी शराबियों का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। जिसके बाद सभी शराबियों का रेफरल अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया और न्यायालय भेज दिया गया।

## बायसी काली मेला में होगा दंगल का आयोजन

**राजीव मिश्रा/समाज जागरण, करजाईन(राघोपुर)सुपौल**

जिले में राघोपुर प्रखंड में करजाईन बाजार में बायसी काली मंदिर के प्रांगण में काली पूजा समिति के अध्यक्ष सह पूर्व पंसस तारानंद यादव की अध्यक्षता में आयोजित आमसभा में काली मंदिर के नए सिरे से निर्माण पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा काली पूजा, मेला, कुश्ती आदि की तैयारियों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई एवं काली पूजो मनाने का निर्णय लिया। इस मौके पर पूजा समिति के संरक्षक प्रो. शिवनंदन यादव, पूर्व मुखिया प्रवीण कुमार मिश्र, सचिव महानंद कुंवर, उपाध्यक्ष अशोक कुंवर, कोषाध्यक्ष चंदन मेहता सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## पुलिस द्वारा 10 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर, सुपौल**

जिले में किसनपुर थाना पुलिस ने गुरुवार कि संध्या थाना क्षेत्र अंतर्गत थरिया गांव के समीप से 10 लीटर देसी जुलाई शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि गुरुवार की संध्या करीब 8:00 बजे गश्ती दल किशनपुर से थरिया पुनर्वास होते हुए कोसी पूर्वी तटबंध पर जा रहा था कि तटबंध के तरफ से एक साइकिल पर सवार ब्याक्ती साइकिल में झोला टांग कर बांध के तरफ से आ रहा था। जिस पर शक होने पर गस्ती दल में शामिल एएसआई जितेंद्र कुमार ने जब पुलिस वाहन को रोका उक्त व्यक्ति साइकिल छोड़कर खेत के तरफ भागने लगा जहां गश्ती में शामिल बल ने खदेड़ कर पकड़ा और उक्त झोला की तलाशी लिया गया तो उस झूला में 20 काला पॉलिथीन में रखा देसी चुलाई शराब का कुल 10 लीटर शराब बरामद किया गया और मौके से उक्त कारोबारी मलाढ़ गांव निवासी हरी चरण शर्मा को गिरफ्तार कर थाना लाया गया मामले में शराब अधिनियम 2016 के तहत कांड संख्या 259 /22 दर्ज कर उक्त शराब कारोबारी को न्यायिक हिरासत में सुपौल भेजा जा रहा है।



## प्रखंड स्थित टी पी सी भवन में बी डी ओ द्वारा बी एल ओ की गई समीक्षात्मक बैठक

**अमरेश कुमार/समाज जागरण, पीपरा, सुपौल**

जिले में पीपरा प्रखंड स्थित टीपीसी भवन में बीएलओ की समीक्षा बैठक गुरुवार को हुई । बैठक की अध्यक्षता बीडीओ लवली कुमारी ने किया। जहां जिला उप निवार्ची पदाधिकारी अनिरूद्ध प्रसाद यादव मौजूद थे। बीडीओ लवली कुमारी ने बताई प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदाताओं का आधार संख्या को मतदाता सूची में प्रपत्र 6 ख के माध्यम से जोड़ने का कार्य जारी है इसी संबंध में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक बुलाई गई। सभी बीएलओ को समय सीमा के अन्दर बचे हुए मतदाताओं को जागरूक कर अविलंब मतदाता सूची से आधार जेनरेट करने को कहा।



बैठक को संबोधित करते हुए जिला उप निवार्ची पदाधिकारी ने सभी बीएलओ से जेनरल रेशियों की समीक्षा किए और आधार कार्ड जेनरेट कार्य करने में आ रही बाधाएं और समस्याओं के समाधान के लिए विस्तृत जानकारी देते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा गरूड़ एप्प का उपयोग कर इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें। अभी 70 से 80 प्रतिशत मतदाताओं का आधार जेनरेट कर लिया गया है जल्द ही शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से सुपौल जिला उप निवार्ची पदाधिकारी अनिरूद्ध प्रसाद यादव बीडीओ लवली कुमारी, सतीश कुमार सुमन, रामप्रसाद मंडल, भारती जी सहित प्रमोद कुमार मंडल एक लाल गुप्ता अशोक राम पारश कुमार शर्मा बीरेंद्र मंडल महावीर चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में बीएलओ मौजूद थे।

## सीताराम यादव द्वारा अपने 18 वर्षीय पुत्र के बरामदगी के लिए थाना से लगाई गुहार।

**सरोज कुमार/समाज जागरण, किसनपुर, सुपौल**

जिले के किसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजहा पंचायत के पंचगछिया गांव निवासी सीताराम यादव ने थाना मे आवेदन देकर अपने 18 वर्षीय पुत्र का बरामदगी का गुहार लगाया है। थाना को दिए आवेदन मे कहा कि बीते रविवार को करीब 04 बजे मेरा 18 वर्षीय पुत्र शंकर कुमार अपने घर से अपने नाना के घर बगही गांव जाने के लिए निकला और दो- तीन तक घर वापस नही लौटा तो उसका पता करने के लिए बगही फोन किया तो वहां बताया कि शंकर यहां आया ही नही है ।जिसके बाद हमलोग अपने रिश्तेदार के यहां खोजबीन करने लगे तो पता चला कि रविवार को वह नदी पार कर कोशी पुर्वी तटबंध तक गया था लेकिन उसका कोई अतापता नही है उसको मिर्गी का बिमारी भी था जिसमे पिछले कई वर्षो से उसका इलाज सिलीगुडी से चल रहा था ।उन्होने बताया कि उसका रंग गोरा है और लंबाई 5.5 फीट है इस संबंध मे थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है जिसका जांच किया जा रहा है उसका खोजबीन भी किया जा रहा है। और जांचोपरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाएगा।



## हरलाखी थाना क्षेत्र के करुणा गांव में तालाब में डूबने से एक चार वर्षीय लड़की की मौत

हरलाखी थाना क्षेत्र के करुणा गांव में तालाब में डूबने से एक चार वर्षीय लड़की की मौत हो गयी है. मृतिका की पहचान गांव के ही छोटू राय की पुत्री नंदनी कुमारी के रूप में किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदनी को लेकर उनकी मां आशा देवी बकरी के चारा हेतु पत्ते तोड़ने बधार गयी हुई थी. इसी क्रम में लड़की खेलते खेलते बगल के एक तालाब में जा गिरी. इधर मृतिका की मां को अंदेशा हुआ कि शायद बच्ची घर चली गयी होगी. जब घर गयी तो बच्ची घर पर नही थी. उसके बाद काफी खोजबीन किया. परंतु देर रात तक नहीं मिली, तो पुलिस को सूचना दिया गया. इधर मंगलवार की सुबह जब ग्रामीण व परिजनों ने पुनः उक्त तालाब में खोजबीन किया तो बच्ची का शव जलकुंभी से ढका हुआ पाया. जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया. इधर शव मिलने की सूचना मिलते ही थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया. वहीं घटना से आहत परिजनों का रोते रोते बुरा हाल हो रहा है. गांव में में मातम पसरा हुआ है.

